हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 5 अगस्त 2026
सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 मूंग का सही दाम पाने को किसानों की जंग, चार...



09 बगैर ओटीपी, कूटरचित दस्तावेजों से आरटीओ...



खबर संक्षेप

दिशा की बैठक 8 अगस्त को की जाएगी आयोजित

सीहोर। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में सीहोर जिला पंचायत सभाकक्ष में 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला विकास एवं समन्वय समिति दिशा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

7 अगस्त तक मनाया जा रहा विश्व स्तनपान सप्ताह

सीहोर। प्रदेश में नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और उनके स्वर्णिम भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 से 7 अगस्त तक प्रदेश में 'विश्व स्तनपान सप्ताह 2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष वैश्विक स्तर पर अभियान की थीम जीवन की सतत शुरुआत के लिए स्तनपानः जो प्रभावी है, उसे और सुदृढ़ करें निर्धारित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित इस विशेष सप्ताह का मुख्य ध्येय प्रदेश में स्तनपान के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाना और माताओं को वैज्ञानिक पोषण संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

हर घर तिरंगा अभियान 9 से 17 अगस्त तक

सीहोर। मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान 9 से 17 अगस्त, 2026 तक संपूर्ण जन सहभागिता से चलाया जायेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने सभी संभागायुक्त और कलेक्टर्स को तत्संबंधी निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर्स से कहा गया है कि इस अभियान में जनसामान्य को विगत वर्षों की तरह उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने एवं 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मानने के लिए सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत शासकीय कार्यक्रम/चर्चाएँ जैसे आयोजन किए जाएंगे।राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के जश्न को'हर घर तिरंगा अभियान 2026' के साथ जोड़ा गया है।

हादसे को निमंत्रण: कागजी मेंटेनेंस और धरातल की खौफनाक हकीकत

पोल और तारों पर छाई हरियाली बारिश में शॉर्ट सर्किट का खतरा

बिजली विभाग की खुली लापरवाही अघोषित कटौतियों से जनता त्रस्त, पोल और तारों पर फैल रहा जानलेवा बेल का जंजाल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





शहर में बिजली व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के नाम पर बिजली कंपनी द्वारा आए दिन घोषित और अघोषित कटौतियों का खेल खेला जा रहा है। घंटों गुल रहने वाली बिजली और 'मेंटेनेंस' का ढिंढोरा पीटने वाले प्रशासनिक दावों की पोल अब इंग्लिशपुरा क्षेत्र की सड़कों पर साफ खुलने लगी है। एक तरफ जहां जनता बार-बार बिजली गुल होने से त्रस्त है, वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की घोर लापरवाही किसी बड़ी तबाही को सीधे तौर पर न्योता दे रही है।

तारों पर लिपटी मौत की बेड़ियां: बेपरवाह बना विद्युत विभाग

इंग्लिशपुरा क्षेत्र के हालात यह बयां कर रहे हैं कि बिजली कंपनी के नुमाइंदों की आंखें पूरी तरह मूंद चुकी हैं। यहां बिजली के भारी-भरकम खंभों और हाई-वोल्टेज तारों पर पेड़ों की घनी डालियां और बेलें पूरी तरह से लिपट चुकी हैं। जरा सी हवा या बारिश में ये डालियों का जाल शॉर्ट सर्किट की भयंकर विभीषिका को जन्म दे सकता है। सवाल यह उठता है कि आखिर किस बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? क्या विभाग किसी अनहोनी के बाद ही अपनी गहरी नींद से जागेगा?

अघोषित कटौतियों का प्रपंच और जनता का आक्रोश

स्थानीय नागरिकों और आम जनता का खून खौल उठा है। लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी मेंटेनेंस के नाम पर केवल जनता को परेशान करने का काम कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। बिजली कंपनी के दफ्तरों में अनगिनत बार शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, फोन खड़काए जा चुके हैं, लेकिन कुंभकर्ण की नींद सोए जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है। शिकायतों पर पूरी तरह से लीपापोती कर दी गई है।

अब भी नहीं संभले तो ..

लोगों का कहना है कि यह लापरवाही सीधे तौर पर जनजीवन के साथ खुला खिलवाड़ है। यदि समय रहते इन खतरनाक पेड़ों की कटाई-छटाई नहीं की गई, तो किसी भी दिन कोई मासूम नागरिक या राहगीर इस हाई-वोल्टेज जाल की चपेट में आकर अपनी जान गंवा सकता है। अब जनता का सब्र टूट चुका है। यदि विद्युत विभाग और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत युद्ध स्तर पर एक्शन नहीं लिया, तो जनता का आक्रोश सड़कों पर उतरेगा और इस प्रशासनिक तंत्र को कड़ा जवाब दिया जाएगा।

शिक्षकों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग



सीहोर। प्रांतीय शिक्षक संघ परिवार, जिला सीहोर के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जिले के शिक्षकों की लंबे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राज्य शिक्षा केंद्र निर्देशानुसार बी.ए.सी. एवं जनशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधी काउंसलिंग के स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं आदेशानुसार आज दिनांक जारी जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय के पत्र में विभाग द्वारा पूर्ण रिक्त पद नहीं बताए गए हैं, जिससे जिले के शिक्षकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। अतः स्पष्ट आदेश जारी कर नियमानुसार प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न कराई जाए।

वर्ष 2014 में नियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर क्रमोन्नति (समयमान वेतनमान) के आदेश तत्काल जारी किए जाएँ। संघ ने वर्ष 2021 भर्ती के शिक्षकों के लंबित एरियर का तत्काल भुगतान करने तथा जुलाई माह से देय नियमित क्क.ढ्ढ.ष्ट. (वार्षिक वेतनवृद्धि) का लाभ प्रदान करने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त वर्ष 2013 में नियुक्त शिक्षकों के 12 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश का लाभ जिन संकुल केंद्रों पर अब तक दर्ज नहीं किया गया है, उन्हें तत्काल दर्ज करते हुए सभी पात्र शिक्षकों को लंबित क्रमोन्नति एरियर का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। प्रांतीय शिक्षक संघ परिवार ने कहा कि यदि इन लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो जिले के शिक्षकों में असंतोष और बढ़ेगा तथा संगठन आगामी रणनीति बनाने के लिए बाध्य होगा।

संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षक हित में सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक आदेश जारी करने का अनुरोध किया, जिससे वर्षों से लंबित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया, अर्जुन सिंह मेवाड़ा, महेश मालवीय, बद्री प्रसाद वर्मा, राजेश तिवारी, राजेन्द्र परमार, जितेन्द्र सेन, नरेश मेवाड़ा, अखिलेश इटावदिया, राजेन्द्र मालवीय, राजेश सेन, राकेश किलादिया, लखन महेश्वरी सहित प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य उपस्थित थे।

जनशिक्षक और बीएसी भर्ती काउंसलिंग स्थगित डाइट में 5 अगस्त को होनी थी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के विकासखंड शिक्षा केंद्रों में खाली पड़े विकासखंड अकादमिक समन्वयक और जनशिक्षक के पदों को भरने की प्रक्रिया को बड़ा झटका लगा है। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 5 अगस्त को डाइट सीहोर में आयोजित होने वाली काउंसलिंग को अपरिहार्य कारणों से अचानक निरस्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला परियोजना समन्वयक ने इस स्थगन का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

पूर्व में जारी समय-सारणी और निर्देशों (राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के पत्र क्रमांक 3740 और जिला शिक्षा केंद्र के पत्र क्रमांक 1381) के अनुसार 5 अगस्त को काउंसलिंग का आयोजन सीहोर डाइट में किया जाना तय था। हालांकि अचानक जारी किए गए नए आदेश के तहत इस प्रक्रिया को फिहाल रोक दिया गया है। विभाग का कहना है कि काउंसलिंग की संशोधित और नई तारीख की सूचना जल्द ही पृथक से जारी की जाएगी। इस संबंध में जिले के समस्त उच्च श्रेणी शिक्षकों और माध्यमिक शिक्षकों को सूचित कर दिया गया है।

प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हैं पद

बता दें राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने सत्र 2026-27 के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रत्येक विकासखंड स्रोत केंद्र में 5 अकादमिक समन्वयक जिसमें 2 विज्ञान संकाय, 1 सामाजिक विज्ञान और 2 भाषा संकाय 1 अंग्रेजी अनिवार्य के पद भरे जाने हैं। इसके अलावा जनशिक्षा केंद्र स्तर पर प्रति 10 विद्यालयों पर 1 जनशिक्षक की पदस्थापना की जानी है।

पात्रता और पुरानी समय-सारणी

इस प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया के लिए आवेदक का उच्च श्रेणी शिक्षक या माध्यमिक शिक्षक होना अनिवार्य है, जिसकी आयु 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 52 वर्ष से अधिक न हो। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार वरिष्ठता सूची 25 जुलाई तक तैयार की जानी थी। काउंसलिंग 5 अगस्त को प्रस्तावित थी, जो अब स्थगित हो चुकी है। अंतिम चयन सूची 13 अगस्त तक जारी की जानी थी। पदस्थापना आदेश कलेक्टर के अनुमोदन के बाद 20 अगस्त तक जारी किए जाने थे।

हरी सब्जियों ने उगली 6 लाख की देशी-विदेशी अवैध शराब

बुधनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बोलेरो पिकअप सहित 11 लाख का माल जब्त

सीहोर। भोपाल की ओर से आ रही एक बोलेरो पिकअप में स्नैक्स और हरी सब्जियों के क्रेटों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही करीब साढ़े छह लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब को बुधनी पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बुधनी पुलिस ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मामले में पुलिस ने अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप सहित कुल 11 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अगस्त को बुधनी थाना पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि भोपाल की तरफ से आ रही बोलेरो पिकअप में ऊपर स्नैक्स सामग्री और हरी सब्जियों के क्रेट रखे गए हैं, जिनके नीचे भारी मात्रा में अवैध मदिरा छिपाकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही तत्काल हरकत में आई पुलिस टीम ने गडरिया नाला क्षेत्र में नाकाबंदी कर घेराबंदी की। पुलिस



को देखते ही पिकअप चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और उसे तेजी से रेलवे स्टेशन की ओर दौड़ा दिया। स्टेशन के सामने वाहन खड़ा कर चालक पास की झाड़ियों और जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला।

क्रेट हटाते ही निकली देशी-अंग्रेजी शराब

पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में जब लावारिस पिकअप की गहराई से तलाशी ली तो ऊपर बिछाई गई 18 बोरी स्नैक्स और 15 सब्जी परिवहन क्रेटों के नीचे भारी मात्रा में शराब की पेटियां मिलीं। वाहन से 1ए187ए28 लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसमें विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी और देशी मदिरा शामिल है। जब्त शराब की कुल अनुमानित कीमत 6 लाख 46 हजार 248 रुपए आंकी गई है।

तस्करों की तलाश शुरू : बुधनी पुलिस ने अज्ञात फरार चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब फरार चालक की पतासाजी के साथ-साथ शराब के मुख्य स्रोत और तस्करी के इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

महिलाओं ने लगाया मत्स्य पालन तालाब आवंटन में धांधली करने का आरोप



सीहोर। ग्राम लसुड़िया परिहार के तालाब को मत्स्य पालन के लिए आवंटन करने में धांधली करने की आरोप लगाए गए हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जय भीम आजीविका स्वसहायता समूह की महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर किरण बड़बेले को शिकायत पत्र देकर पूरे मामले की जांच किए जाने की मांग की है। महिला स्व सहायता समूह अध्यक्ष मोहिनी ने बताया कि ग्राम लसुड़िया परिहार में स्थित शासकीय तालाब का मत्स्य पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टा प्राप्त करने के लिए मत्स्य विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया हैं लेकिन प्रतिद्वंदी समिति के राजनीतिक दवाब में आकर दागी और 2017 में ही निरस्त हो चुकी समिति को पट्टा देने की आशंका है । गंभीर नियमों के उल्लंघन और जिला प्रशासन को गुमराह करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि 'जय भीम आजीविका स्व सहायता समूह' में कुल 10 महिला सदस्य हैं, जिनमें से 9 सदस्य (90%) अनुसूचित जाति (SC) वर्ग की स्थानीय ग्रामीण महिलाएँ हैं, जो पूरी तरह भूमिहीन हैं और आजीविका के लिए इसी तालाब पर निर्भर हैं। जबकि 'बंजारी आर.एन.के. मछुआ सहकारी समिति मर्यादित लसुड़िया परिहार' को संचालक मत्स्य उद्योग, मध्यप्रदेश द्वारा दिनांक 01/04/2017 को ही निरस्त करने का आदेश दिया जा चुका है। धन-बल के दम पर इस सच को छुपाकर दोबारा सरकारी संपत्ति हथियाने का प्रयास कर रही है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिन हल्की बारिश के आसार

जिले में 1 जून से अब तक 20 इंच औसत बारिश आष्टा में सबसे ज्यादा, श्यामपुर में सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर में इस मानसून सीजन में अब तक औसतन 20 इंच बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से 4 अगस्त तक हुई यह बारिश पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 25.4 इंच औसत बारिश से कम है। जिले की सामान्य औसत बारिश 45.2 इंच मानी जाती है। ऐसे में सामान्य बारिश का आंकड़ा पूरा करने के लिए अब आगामी मानसूनी दौर से उम्मीदें बनी हुई हैं।

आष्टा में सबसे ज्यादा, श्यामपुर में सबसे कम बारिश : इस सीजन में जिले की तहसीलों में सबसे ज्यादा बारिश आष्टा क्षेत्र में दर्ज की गई है। यहां अब तक 22.9 इंच बारिश हो चुकी है। इसके बाद रेहटी में 21.6 इंच, बुधनी में 20.9 इंच, भेरूंदा में 20.7 इंच और इछावर में 20.7 इंच वर्षा दर्ज की गई है। जिला मुख्यालय सीहोर में अब तक 19.2 इंच और जावर में 19.5 इंच बारिश हुई है। वहीं जिले में सबसे कम बारिश श्यामपुर क्षेत्र में दर्ज की गई है, जहां अब तक केवल 14.6 इंच बादल बरसे हैं।

बीते 24 घंटे में भी हुई हल्की बारिश : जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान भी कुछ क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई। सीहोर में 0.4 इंच, श्यामपुर में 0.2 इंच और आष्टा में 0.2 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। हालांकि अभी तक जिले में लगातार तेज बारिश का दौर देखने को नहीं मिला है।

कम दबाव क्षेत्र और ट्रफ लाइन का असर

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश के ऊपर सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र और उत्तर-पूर्वी राजस्थान से गुजर रही मानसूनी ट्रफ लाइन के कारण जिले में लगातार नमी पहुंच रही है। इसी वजह से सीहोर जिले में हल्की से मध्यम बारिश का दौर बना हुआ है।

अगले दिनों में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, आगामी 3 से 4 दिनों तक जिले में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इस दौरान कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।

बंगाल की खाड़ी से आएगा नया सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, सप्ताह के अंत तक बंगाल की खाड़ी में एक नया मानसूनी सिस्टम बनने की संभावना है। यदि यह सिस्टम सक्रिय होता है तो सीहोर जिले में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है। इससे जिले की औसत बारिश का आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है।

पटवारियों को बड़ी राहत, अब सीधे नहीं दर्ज होगी एफआईआर

उधर मांगों को लेकर 3 दिवसीय हड़ताल पर गए पटवारी, राजस्व काम ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के पटवारियों के लिए राज्य सरकार के राजस्व विभाग से एक बड़ी राहत दी है। शासन ने साफ कर दिया है कि भविष्य में किसी भी पटवारी पर सीधे एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। वहीं दूसरी ओर अपनी लंबित मांगों को लेकर जिले के करीब 440 पटवारी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं, जिससे राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की आशंका बन गई है।

राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स और संभागायुक्तों को निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट आदेश दिए हैं कि राजस्व न्यायालयों में प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आधार पर यदि किसी पटवारी के खिलाफ मामला बनता भी है तो पहले उसकी प्रारंभिक जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। जांच में दोष सिद्ध होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने 20 जुलाई को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वसीयत या अदालती मामलों में पटवारी केवल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है और अंतिम फैसला न्यायालय का होता है, फिर भी बिना गहन जांच के उन पर सीधे एफआईआर दर्ज कर दी जाती थी। सरकार के इस फैसले से प्रदेश भर के हजारों पटवारियों को झूठी और जल्दबाजी में होने वाली पुलिस कार्रवाई से बड़ी राहत मिलेगी।

मांगों को लेकर पटवारी सामूहिक अवकाश पर

एक तरफ जहां सरकार ने एफआईआर को लेकर राहत दी है, वहीं दूसरी तरफ पटवारी संघ के आह्वान पर सीहोर जिले के लगभग 440 पटवारी 3 अगस्त से तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। जिले में 110 पद पहले से ही खाली हैं, ऐसे में पटवारियों के अचानक बस्ते जमा कर कलमबंद हड़ताल पर जाने से आम जनता और किसानों की समस्याएं बढ़ गई हैं।

अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि बार-बार ध्यानाकर्षण के बावजूद सरकार उनकी अन्य जायज मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर शासन ने उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो इस आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा।

खबर संक्षेप



मोबाइल लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भैरुंदा। नगर के बस स्टैंड पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को भैरुंदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा मोबाइल और घटना के दौरान इस्तमाल मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई 2026 को फरियादी धरम सिंह बारेला निवासी बड़नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भैरुंदा बस स्टैंड पर दो अज्ञात युवकों ने उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। मामले में थाना भैरुंदा में अपराध क्रमांक 439/26 के तहत धारा 309(4) बीएनएस में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरसद उर्फ मूवीन (26) निवासी सर्वहारा कॉलोनी और आहद (26) निवासी मियां मोहल्ला, वर्तमान पता सर्वहारा कॉलोनी भैरुंदा के रूप में हुई है।

पांच घंटे चक्काजाम, बीच सड़क पर बनाई बाटी, समर्थन में उतरी कांग्रेस

मूंग का सही दाम पाने को किसानों की जंग, चार दिन से लाइन में किसान, सड़कों पर काट रहे रात

खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की भारी कमी भी सामने आई है। किसानों का कहना है कि केंद्रों पर न तो पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही शौचालय की सुविधा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





जिले में मूंग खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए किसान चार-चार दिन तक खरीदी केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ही खाना, पीना और सोना कर रहे हैं। खुले आसमान के नीचे रात गुजारते हुए किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, जिससे उनकी परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

सोमवार को इस अव्यवस्था के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। भादाकुई स्थित शिवांश बेयर हाउस के सामने दोपहर करीब 3 बजे से रात 8 बजे तक किसानों ने सीहोर-भैरुंदा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब पांच घंटे तक चले इस जाम के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मौके पर एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। प्रशासन द्वारा लगातार समझाइश दी जाती रही, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। किसानों का कहना था कि ओम साईं बेयर हाउस को पुनः खोला जाए और वहीं खरीदी शुरू की जाए। 5घंटे के बाद आखिरकार प्रशासन की समझाइश के बाद किसान माने, किसानों को जोगला स्थित बाबा बेयर हाउस पर टोकन देकर भेजा गया, तब जाकर जाम समाप्त हुआ। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी किसानों के समर्थन में उतर आए। उन्होंने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और बीच सड़क पर ही बाटी बनाकर किसानों के साथ भोजन किया। यह विरोध प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा।

क्षमता से अधिक स्लॉट बुकिंग पर उठे सवाल

पूरा मामला शिवांश बेयर हाउस का है, जहां मूंग खरीदी की क्षमता करीब 4 हजार क्विंटल बताई गई थी। क्षमता पूरी होने के बावजूद 200 से अधिक किसानों के स्लॉट बुक कर दिए गए। अब सवाल उठ रहा है कि जब केंद्र की क्षमता सीमित थी, तो अतिरिक्त स्लॉट बुकिंग कैसे कर दी गई। इसे लेकर समिति, वेयर हाउस संचालक और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वे पिछले 5-6 दिनों से लाइन में लगे थे, लेकिन जब उनका नंबर आया तो केंद्र की क्षमता खत्म हो चुकी थी। ऐसे में उन्हें दूसरे केंद्र पर जाकर फिर से कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

मूलभूत सुविधाओं का अभाव, किसान परेशान

खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की भारी कमी भी सामने आई है। किसानों का कहना है कि केंद्रों पर न तो पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही शौचालय की सुविधा। लंबी कतारों में खड़े किसानों को मजबूरन खुले में शौच करना पड़ रहा है। कई केंद्रों पर एक किलोमीटर तक ट्रैक्टर-ट्रॉली की लाइन लगी हुई है, जिससे हालात और भी गंभीर हो गए हैं।इसके अलावा केंद्रों के आसपास खाने-पीने की दुकानों का भी अभाव है। अकेले आए किसानों को भोजन की व्यवस्था करने में भारी दिक्कतों का



सामना करना पड़ रहा है, वहीं घर-परिवार की जिम्मेदारी को लेकर भी किसान चिंतित हैं।

धीमी खरीदी बनी बड़ी समस्या

किसानों की परेशानी का एक बड़ा कारण खरीदी की धीमी प्रक्रिया भी है। कई केंद्रों पर सिर्फ एक या दो तौल कांटे होने के कारण काम की गति बेहद धीमी है। इसके अलावा हर ट्रॉली की अनिवार्य ग्रेडिंग भी प्रक्रिया को और धीमा कर रही है। किसानों के अनुसार, प्रतिदिन मात्र 15 से 20 किसानों की ही मूंग खरीदी हो पा रही है, जबकि 100 से अधिक किसान कतार में खड़े हैं। ग्रेडिंग के नाम पर किसानों से 20 से 50 रुपए प्रति क्विंटल तक शुल्क लिए जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

समाधान की दरकार

मूंग खरीदी केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं ने किसानों को सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है। किसानों की मांग है कि खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए, ताकि उन्हें अपनी मेहनत का उचित दाम समय पर मिल सके।

भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह का कहना खरीदी केंद्रों पर सुचारू रूप से मूंग खरीदी की जा रही है। किसानों की सुविधाएं के लिए भी व्यवस्था बनाने हेतु निर्देश दिए गए हैं , किसानों ने शिवांश बेयर हाउस की क्षमता फूल होने पर चक्काजाम किया था, समझाइश के बाद माने सभी किसानों को जोगला स्थित बाबा बेयर हाउस पर शिफ्ट किया गया है।

हाईकोर्ट के निर्देश 60 दिन में करें समस्या का निराकरण, सीनियर सिटीजन फोरम समिति ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



सीहोर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पं. दीनदयाल नगर, कृष्णा नगर, संतोष नगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, दीनदयाल बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की ओर से सीनियर सिटीजन फोरम समिति द्वारा क्षेत्र की गंभीर आवागमन संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, पीठ जबलपुर द्वारा 03 जुलाई 2026 को पारित आदेश के आलोक में रहवासियों को अपनी समस्याओं एवं सुधारात्मक उपायों के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी गई है। साथ ही जिला कलेक्टर को लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री के साथ विचार-विमर्श कर 60 दिनों के भीतर तर्कसंगत एवं स्पष्ट आदेश पारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सर्विस रोड की कनेक्टिविटी पूर्ण करने की मांग : ज्ञापन में बताया गया कि ब्रिज के एक तरफ सर्विस रोड को अंतिम छोर पर ब्लॉक किए जाने से हजारों रहवासियों को कॉलोनी से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए आंतरिक रास्तों एवं खतरनाक मोड़ों से होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और स्कूल बसों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है।

अधिकारियों से स्थल निरीक्षण की मांग : सीनियर सिटीजन फोरम समिति एवं क्षेत्रवासियों ने मांग की कि लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मौके का निष्पक्ष निरीक्षण कराया जाए, ताकि ब्रिज शुरू होने के बाद क्षेत्रवासियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए तकनीकी रूप से उचित एवं स्थायी समाधान निकाला जा सके। समिति ने जिला प्रशासन से न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप 60 दिनों की समय-सीमा में समस्या का निराकरण करने, सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने, दोनों तरफ सर्विस रोड की कनेक्टिविटी पूर्ण करने तथा आपातकालीन वाहनों के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सीनियर सिटीजन फोरम समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

समेरिटन्स स्कूल बायां में छात्र संघ का गठन



बुदनी। समेरिटन्स स्कूल बायां में मंगलवार को छात्र संघ का गठन किया गया। इसके लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव में जैसू नागर को हेड गर्ल तथा तनिष्क नागर को हेड बॉय चुना गया।

पदभार ग्रहण समारोह के अवसर पर सलकनपुर पुलिस चौकी के उप निरीक्षक श्री सिकरवार एवं गौतम मुकाती ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के महत्व को समझते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया।

विद्यालय की प्राचार्य अपर्णा तिवारी एवं शिक्षिका रुचि सोनी ने नव-निर्वाचित हेड बॉय एवं हेड गर्ल सहित सभी छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अपने नेतृत्व से विद्यालय में अनुशासन, सेवा भावना एवं सकारात्मक वातावरण को और सुदृढ़ करेंगे।

आईईएस पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी पद-ग्रहण समारोह का आयोजन



सीहोर। आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर ने गर्व के साथ अपना इन्वेस्टिचर सेरेमनी 2026 पद-ग्रहण समारोह मनाया। इस मौके पर सीनियर, जूनियर और किंडरगार्टन स्टूडेंट काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों ने इमानदारी, ज़िम्मेदारी और टीमवर्क के साथ नेतृत्व करने की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर एसबी सिंह एवं इंजीनियर बीएस यादव, चांसलर, आईईएस यूनिवर्सिटी, भोपाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने युवा लीडर्स को मिसाल बनकर नेतृत्व करने और पूरे समर्पण के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा के आज के लीडर, कल के बदलाव लाने वाले युवा छात्र ही है। इस कार्यक्रम ने सेवा, ईमानदारी और छात्र नेतृत्व के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को उजागर किया। औपचारिक कार्यवाही में शपथ ग्रहण, बैज लगाना और नई नियुक्त काउंसिल सदस्यों को सैश पहनाना शामिल था, क्योंकि वे अपनी जिम्मेदारियों को संभालने और स्कूल के विजन को आगे बढ़ाने के लिए आगे आए। समारोह में स्कूल हेड गर्ल स्कूल हेड बॉय डिसिप्लिन सेक्रेटरी, लिटरेरी सेक्रेटरी, कल्चरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी के साथ ही चारो ग्रुप के कप्तान, वाइस कप्तान, सीनियर पर्फेक्ट एवं जूनियर पर्फेक्ट का चयन कर सपथ ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

16 शासकीय आदिवासी आईटीआई को परम फाउंडेशन को सौंपने का निर्णय वापस लिया जाए



इछावर। बुधनी विधानसभा की पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता साधना उइके ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा परम फाउंडेशन को प्रदेश की 16 शासकीय आदिवासी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) के हस्तांतरण की कार्यवाही का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि एकलव्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), चकलदी (सीहोर) सहित इन 16 संस्थानों को निजी संस्था के हवाले करने का निर्णय विद्यार्थियों और आदिवासी समाज के हितों के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि बिना व्यापक जनपरामर्श तथा विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और आदिवासी समाज की सहमति के सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने का प्रयास जनहित के विरुद्ध है। यह निर्णय आदिवासी युवाओं के शिक्षा के अधिकार, समान अवसर और रोजगार के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी आईटीआई का उद्देश्य गरीब, आदिवासी एवं ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराना है। यदि इन संस्थानों का संचालन परम फाउंडेशन जैसी निजी संस्था को सौंपा जाता है, तो शिक्षा का व्यवसायीकरण बढ़ेगा और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है।

इस अवसर पर उन्होंने एकलव्य शासकीय आईटीआई के विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने बताया कि संस्थान के हस्तांतरण से उनके भविष्य, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, रोजगार के अवसर तथा शिक्षा की निरंतरता को लेकर गंभीर चिंताएँ हैं। विद्यार्थियों ने सरकार से परम फाउंडेशन को किए जा रहे हस्तांतरण के निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की कि परम फाउंडेशन को 16 शासकीय आदिवासी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) के हस्तांतरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए।

सरकारी तकनीकी शिक्षा को निजी हाथों में सौंपना बंद किया जाए।

आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के शिक्षा के अधिकार की रक्षा की जाए।

तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सरकारी निवेश बढ़ाया जाए

उइके, सामाजिक कार्यकर्ता फ़हीम भाई, संदीप जी, प्रदीप जी तथा एकलव्य शासकीय आईटीआई के बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में परम फाउंडेशन को किए जा रहे हस्तांतरण का विरोध करते हुए सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की।

एक्सिस सर्विसमैन लीग के रजत जयंती सामरोह में सम्मानित हुए पूर्व सैनिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के आवासीय खेल कूद संस्थान परिसर में एक्स सर्विसमेन लीग (पूर्व सैनिक लीग) के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिल्वर जुबली (रजत जयंती) समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों के बच्चों ने भारत माता को समर्पित कई देशभक्तिपूर्ण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा उपस्थित रहे। इसके साथ ही सुदर्शन चक्र कोर मुख्यालय से सुबेदार मेजर डी. राजू महादेव, सुबेदार मेजर एसके शाह विशेष रूप से शामिल हुए।

सामाजिक और प्रतिनिधियों की रही उपस्थिति : कार्यक्रम में शहर के प्रमुख समाजसेवियों और जन प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। इनमें समाजसेवी गगन नामदेव, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, अश्विन शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार जुगल किशोर पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। मुख्य अतिथियों द्वारा समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 10 वीर नारियों को भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मान दिया गया। वहीं देश सेवा में अपना योगदान देने वाले सौ अधिक सैनिकों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल राजीव शर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा और समाज में उनके सम्मान पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों द्वारा देश और समाज के प्रति दिए जाने वाले योगदान की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबेदार हुकम सिंह ने की। मंच का संचालन हवलदार अमित वर्मा, पूजा वर्मा और मुकेश इतावदिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में सुबेदार एसआर कुलकर्णी ने उपस्थित सभी अतिथियों, सैनिकों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

अब राज्य स्तरीय में करेंगी सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व

सरस्वती कथक डांस कला केंद्र की बालिकाओं ने जिला स्तरीय युवा उत्सव में जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव के मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत हुई समूह नृत्य प्रतियोगिता में संस्था की संचालिका डॉ. रूपाली सोनी के मार्गदर्शन में सरस्वती कथक डांस कला केंद्र के शास्त्रीय समूह नृत्य को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला जेल उप अधीक्षक दिलीप नायक सहित उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा संस्था की संचालिका डॉ. रूपाली सोनी सहित संस्था की बालिकाओं को समूह नृत्य केटेगरी में प्रथम पुरस्कार का मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अब संस्था की समूह नृत्य टीम अगले महीने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। डॉ. रूपाली सोनी ने शहर में उत्कृष्ट कार्यक्रम करने एवं बच्चों को मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

संस्था लगातार पिछले 6 वर्षों से शासन स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम तीन में स्थान प्राप्त कर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। संस्था के इस नृत्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों सहित दर्शकों का मन मोह लिया और तालियों से गूंज उठा।

वाहन मालिक ने एसपी को दिया आवेदन, दलाल और बाबूओं की मिलीभगत की आशंका

बगैर ओटीपी, कूटरचित दस्तावेजों से आरटीओ ने ट्रांसफर किया वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय राजगढ़ में सबकुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। यहां अक्सर कईं तरह की लापरवाहियों और दलालों की ऑफिस के काफी अंदर तक सांठगांठ के चलते गड़बड़ियों के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में एक ट्रैक्टर मालिक की बगैर अनुमति, फर्जी हस्ताक्षर और बगैर ओटीपी के गुना जिले के व्यक्ति के नाम वाहन ट्रांसफर कर दिया गया। पीड़िता ने जब आरटीओ कार्यालय से जानकारी मांगी तो पूरे फर्जीवाड़े की पोल खुली। पीड़ति ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को शिकायती आवेदन देकर जांच और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गुहार लगाई है।

क्या है पूरा मामला

जाटियाखेड़ी निवासी मुकेश वर्मा ने अपना जॉनडियर ट्रैक्टर एमपी-39 एडी-1264 दिसंबर 2025 में पवन अहिरवार निवासी जोगन बावड़ी, मक्सूदनगढ़ जिला गुना के साथ 5,50,000 में मौखिक रूप टैक्टर का सौदा तय किया था। पवन के नाम फाइनेंस न होने पर उसके ससुर शांतिलाल अहिरवार निवासी ग्राम



महू चैपना ने मार्च 2026 में ट्रैक्टर फाइनेंस करवा लिया लेकिन विक्रेता मुकेश वर्मा को राशि नहीं दी गई। जब शांतिलाल ने पैसे देने में आनाकानी की तो पीड़ति ने 28 मई 2026 को थाना मक्सूदनगढ़ में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की समझाइश पर 28 जून 2026 तक पैसे देने का वादा किया लेकिन फिर भी राशि नहीं दी गई। जब पीड़ति मुकेश वर्मा को शक हुआ तो उसने 07 जुलाई 2026 को जिला परिवहन अधिकारी, राजगढ़ के समक्ष दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया।

कूटरचित दस्तावेजों से दूसरे के नाम हो गया वाहन

आरटीओ में बाकायदा राशि जमा करने के बाद जब उक्त वाहन ट्रांसफर के संबंध में जानकारी निकलवाई गई तो प्राप्त दस्तावेजों से खुलासा हुआ कि शांतिलाल अहिरवार ने दलालों, आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों से सांठगांठ कर मुकेश वर्मा के जाली हस्ताक्षर कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। बिना राशि चुकाए और असली वाहन मालिक की जानकारी के बिना ट्रैक्टर का नामांतरण शांतिलाल के नाम कर दिया। जबकि किसी भी वाहन को दूसरे के नाम ट्रांसफर करने में सबसे पहले वाहन मालिक को भेजे गए ओटीपी की आवश्यकता पड़ती है। वाहन मालिक द्वारा ओटीपी भी नहीं दिया गया और न ही कार्यालय के सामने वाहन मालिक और खरीदार दोनों के फोटो लिए गए और सेल लेटर पर जाली हस्ताक्षर से इस गड़बड़झाले को अंजाम दिया गया। धोखाघड़ी के साथ ही आरटीओ में चल रहे भारी गड़बड़ियों की ओर इशारा कर रहा है।

इनका कहना है...

आवेदन मार्क कर संबंधित थाने भेज दिया गया है। इस मामले में यदि राजगढ़ आरटीओ से कार्रवाई के संबंध में हमें कोई प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो सर्वसंबंधितों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- **नेहा गौर**, डीएसपी, राजगढ़

सिटीजन पोर्टल पर जो आवेदन मिला होगा उस पर प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर वाहन ट्रांसफर किया गया है। मामला संज्ञान में है। वाहन मालिक और क्रेता के बीच रुपए-पैसों का भी विवाद है।

- **राजदेव शर्मा**, वाहन ट्रांसफर शाखा प्रभारी, आरटीओ, राजगढ़।

टाइम लिमिट बैठक में लापरवाही

एक ईई, 2 कृषि अधिकारियों सहित सीएमओ पर 2-2 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की विशेष उपस्थिति में कल आयोजित समय-सीमा बैठक मे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान पर विशेष फोकस दिया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जल संसाधन ईई के.के. ठाकुर, जल निगम के उपयंत्री राहुल राठौर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपूत (सारंगपुर), दिनेश श्रीवास्तव (नरसिंहगढ़) एवं ब्यावरा नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद पर पर 2-2 हजार का जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) समय पर नहीं कराए जाने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समीक्षा के दौरान सारंगपुर एवं पचोर विकासखंड में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

विभिन्न योजनाओं पर दिए गए अहम निर्देश

अधिकारियों ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की पूर्व मैपिंग कर उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जन विश्वासन अभियान के सफल संचालन हेतु संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही सार्थक अटेंडेंस, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं अन्य विभागीय योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि एसएएम, एमएएम, अंडरवेट एवं स्टंटेड बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग, गर्भवती महिलाओं के एएनसी परीक्षण तथा टीएचआर (टेक होम राशन) वितरण का शत-प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई, पांच वाहनों के चालान के साथ एक स्कूल बस जब्त की गई

आरटीओ की भनक लगते ही स्टैंड से गायब हो गईं बसें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जिला परिवहन विभाग की कार्रवाई की सूचना मिलते ही सोमवार को सारंगपुर बस स्टैंड का नजारा अचानक बदल गया। परिवहन विभाग के उड़नदस्ते के पहुंचते ही कई यात्री वाहन बस स्टैंड से गायब हो गई। जिससे यात्रियों को काफी देर तक बसों का इंतजार करना पड़ा। विभाग ने मौके पर पांच वाहनों के चालान बनाकर करीब 9 हजार रुपये का राजस्व वसूला, जबकि एक स्कूल बस को वैध दस्तावेज नहीं होने पर जब्त कर लिया। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र बैंस ने बताया कि नियमित जांच अभियान के तहत लीमाचैहान स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल की बस एमपी-42-0224 आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके चलते उसे जब्त किया गया। वहीं सारंगपुर के सत्य साईं स्कूल तथा गुलावता के वैष्णव पब्लिक स्कूल के वाहनों से संबंधित दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर राजगढ़ को प्रतिवेदन भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड पर केवल पांच बसों की ही चालानी कार्रवाई हो सकी। इसके बाद अधिकांश यात्री वाहन वहां से हट गए। स्थानीय दुकानदारों ने सुनसान पड़े बस स्टैंड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सवाल उठाया कि आरटीओ के पहुंचते ही वाहन आखिर क्यों गायब हो गए।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यात्री वाहनों के चालक और परिचालक के लिए निर्धारित वर्दी, नाम पट्टिका, पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र तथा पांच वर्ष पुराने हैवी ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज रखना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान अन्य व्यावसायिक वाहनों की भी जांच की गई। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरटीओ दल के बस स्टैंड पर रहने तक शाजापुर, पचोर, आगर, शुजालपुर और पाडल्या माता मार्ग की कई बसें नहीं पहुंचीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं परिवहन विभाग का दल रवाना होते ही कुछ समय बाद बसों का संचालन सामान्य हो गया और बस स्टैंड पर फिर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई।

राजवाड़ी पगड़ी से किया खोयरी महादेव का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार नगर सहित जिले भर में लोग भक्ति की सरिता में रमते नजर आए। जिले के विभिन्न शिवालयों में तड़के से शुरू हुआ पूजा, अनुष्ठान, अभिषेक का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। नरसिंहगढ़ बैजनाथ महादेव धाम पर हजारों की संख्या में जिले सहित अन्य जिलों के शिवभक्तों ने पहुंचे। राजगढ़ के खोयरी महादेव धाम पर भी पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। यहां भोलेनाथ का राजवाड़ी पगड़ी से विशेष श्रृंगार किया गया था। खोयरी धाम पर भी प्रातः से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। शाम के समय सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर पहुंचे और अपने परिवार सहित जिले भर में सुख, शांति, समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की।

पीपलहेला जोड़ पर सड़क पर बैठी गायें देतीं हादसे को न्योता

एनएच 46 पर 15 गायों की मौत पर कलेक्टर के गो रक्षा के लिए जारी किए गए आदेश बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में कुछ दिन पहले एनएच 46 पर राजगढ़ रोड़ पर हिरनखेड़ी टोल के पास में सड़क पर बैठी दो दर्जन से अधिक गायों में से 17 को एक ट्रक चालक ने अपनी चपेट में लेकर उन्हे मौत के घाट उतार दिया था। इस हादसे के बाद जिले में गायों को लेकर काफी आक्रोष फैला था, इसी को शांत करवाने के लिए राजगढ़ कलेक्टर गिरीष कुमार मिश्रा ने सभी विभागों को आदेष दिया था की अब सड़कों पर गाये नहीं दिख जाए, नहीं तो संबंधित विभाग के कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाही की जाएगी। लेकिन कलेक्टर के द्वारा जारी आदेष एक दिन बाद ही हवा में फुर्रर.... हो गए और सड़कों पर सैकड़ों की तादाद में गाय बैठी देखी जा सकती है।

भोपाल रोड पर कनचारिया टोल टैक्स पर एनएचएआई, टोल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही

नेशनल हाईवे 46 पर ब्यावरा से भोपाल की ओर जाने वाले हाईवे पर कचनारिया के पास बने टोल के समीप एनएचएआई और टोल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। टोल टैक्स से महज 200 मीटर की दूरी पर पीपलहेला जोड़ के पास बीच सड़क पर सोमवार सुबह 11 बजे करीब लगभग 20 से 25 गायें बैठी पाई गईं। टोल प्लाजा के इतने नजदीक इस तरह का नजारा यह साबित करने के लिए काफी है कि टोल प्रबंधन और पेट्रोलिंग टीम अपने कर्तव्यों को लेकर कितनी उदासीन है। वाहन चालकों से मोटा टोल टैक्स वसूलने के बावजूद भी सुरक्षा के नाम पर व्यवस्थाएं शून्य साबित हो रही हैं। हाईवे पर मवेशियों का इस प्रकार जमघट लगे रहना आए दिन होने वाले जानलेवा हादसों का कारण बन रहा है। तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहनों के लिए ये मवेशी अचानक आफत बन जाते हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है, बल्कि बेजुबान गायों की भी दर्दनाक मौतें हो रही हैं।

लापरवाही पर उठते बड़े सवाल

1033 हेल्पलाइन और पेट्रोलिंग टीम की नाकामी एनएचएआई आपातकालीन स्थिति और हाईवे की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1033 और पेट्रोलिंग वाहनों का दावा करता है, लेकिन टोल से सिर्फ 200 मीटर दूर मवेशियों का जमावड़ा उनकी गश्त और तत्परता की पोल खोल रहा है। टोल टैक्स वसूली पर सवाल जब टोल प्रबंधन चालकों से सड़क उपयोग का शुल्क ले रहा है तो उन्हें मवेशी-मुक्त और सुरक्षित मार्ग प्रदान करने की जिम्मेदारी से मुंह क्यों मोड़ा जा रहा है ? वाहन चालकों ने प्रशासन और हाईवे के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि लापरवाह टोल कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और हाईवे से मवेशियों को हटाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं और गोवंश की मौतों पर विराम लग सके।

इनका कहना है

अभी बारिश का समय चल रहा है हम लोग रोज गायों को हटाते हैं, लेकिन गाये खेत में जाती है तो किसान रोड पर भगा देते है अगर गौशालाओं में व्यवस्था हो जाए तो गाय रोड पर नहीं दिखेगी।

-**कुशहाल चैधरी**, टोल टैक्स मैनेजर ब्यावरा।

151 पौधे लगाकर शुरुआत की

सौंधिया राजपूत समाज का संकल्प हरियाली अमावस्या तक लगाएंगे पौधे



हरिभूमि न्यूज. जीरापुर। अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के आह्वान पर समाज द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सामाजिक स्तर पर लिए गए इस पौधारोपण अभियान को समाज द्वारा 'हरियाली अमावस्या' तक निरंतर चलाते हुए पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की जाएगी। प्रदेश स्तर के इस ''पर्यावरण बचाओ, पौधे लगाओ'' अभियान के तहत क्षेत्र को हरा-भरा करने के संकल्प के साथ नगर जीरापुर में 'सोंधवाड़ी राजपूत समाज धर्मशाला' परिसर में समाजजनों द्वारा '151 पौधे' लगाए गए। पौधारोपण के साथ ही सभी ने इन पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया। 'इस अवसर पर समाज के 'राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण चैहान', जिलाध्यक्ष नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, कालूसिंह तोमर, पूर्वमंडी अध्यक्ष कमलसिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष इंदरसिंह परमार, महासचिव प्यारेलाल चैहान, सत्यनारायण सरावत, गंगाराम दोबड़ा, प्रदेश प्रभारी चंदरसिंह पंवार, राजेंद्रसिंह आमलाबे, विष्णुसिंह पवांर, भगवानसिंह बटावदा, धर्मशाला प्रबंधन अध्यक्ष मोहनसिंह पंवार, जिला सचिव नारायणसिंह तोमर, ईश्वरसिंह परमार, रमेशचंद पवांर ब्लॉक महासचिव रामबाबू पवांर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह तोमर, दिलीपसिंह सौलंकी, मिडिया प्रभारी कुमेरसिंह पवांर, श्रीलाल पंवार, पृथ्वीसिंह पटेल, मोहनलाल सरपंच, पर्वतसिंह धतुरिया, सुल्तानसिंह, जसवंतसिंह, नरवर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने चुने अपने प्रतिनिधि

सारंगपुर। स्थानीय सीबीएसई विद्यालय श्री सत्य साई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन पदों के लिए चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव परिणामों के अनुसार ब्लू हाउस के कैप्टन लोकेन्द्र सिंह उमट तथा वाइस कैप्टन साक्षी शर्मा चुनी गईं। रेड हाउस के कैप्टन प्रिंस शर्मा एवं वाइस कैप्टन राजनंदिनी सिसोदिया निर्वाचित हुए। येलो हाउस के कैप्टन शीतल सोलंकी तथा वाइस कैप्टन मोक्ष पाटीदार चुने गए। वहीं ग्रीन हाउस के कैप्टन हर्षित बिजापरी एवं वाइस कैप्टन खुशी माहेश्वरी निर्वाचित हुए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे पूरे शैक्षणिक सत्र में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय देंगे। साथ ही चुनाव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की खेल भावना एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



सोमवार सुबह स्कूल जा रहे एक प्राथमिक शिक्षक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भाटखेड़ी निवासी रामचन्द बैरागी शासकीय प्राथमिक विद्यालय पथरी संकुल केन्द्र कोडक्या, ब्लॉक जीरापुर में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे।

सोमवार सुबह वह अपने गृह ग्राम भाटखेड़ी से मोटर साइकिल द्वारा ड्यूटी के लिए स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान कोडक्या और बाढ़गांव के बीच सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक रामचन्द बैरागी गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे के बाद मानवता को शर्मसार करने वाली बात सामने आई। ऑल्टो कार का चालक घायल शिक्षक को अस्पताल ले जाने के बजाय मौके पर ही गाड़ी छोड़कर भाग निकला, समय पर इलाज न मिलने और गंभीर चोटों के कारण शिक्षक ने दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीरापुर अस्पताल भिजवाया,जहां मृतक शिक्षक का पोस्टमार्टम (पीएम) किया गया। पुलिस ने ऑल्टो गाड़ी को जब्त कर लिया है और फरार चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस हादसे से षिक्षा विभाग में शोक की लहर थी।

आष्टा को 3-0 से हराकर राजगढ़ ने जीता फुटबॉल मुकाबला

विजेता को नकद सहित ट्राफी की गई प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मुख्यालय के केलक्ट्रेट ग्राउंड पर चल रहे तीन दिवसीय फुटबॉल मुकाबले का सोमवार को समापन हो गया। गोकुल दास त्रिपाठी हॉस्पिटल के सहयोग से हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल में राजगढ़ के न्यू स्टार क्लब ने आष्टा को 3-0 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला जीत लिया। विजेता न्यू स्टार टीम को डॉ. गुंजन त्रिपाठी की तरफ से 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता आष्टा की टीम को परवेज खाना द्वारा 11 हजार रुपए एवं ट्राफी प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य पुरस्कार भी बेस्ट प्लेयरों को बांटे गए। इसके पूर्व कल सोमवार को दो सेमीफाइनल हुए पहला राजगढ़ जेसीएस और आष्टा के बीच खेला गया। जिसे आष्टा की टीम ने जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल खिलचीपुर और न्यू स्टार राजगढ़ के बीच खेला गया जिसमें न्यू स्टार टीम विजेता रही। शाम को खिताबी मुकाबला आष्टा और न्यू स्टार के बीच खेला गया जिसे न्यू स्टार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत से उत्साहित विजेता टीम के खिलाड़ियों ने देर शाम नगर में एक जुलूस निकाला और जमकर आतिशबाजी की। आयोजकों में शामिल चीकू भाई ने बताया कि अगले वर्ष भी यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की

दतिया विस उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर जश्न मनाया, की आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद सारंगपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय आशा भवन में उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने चुनाव में मिली सफलता को संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं ने दतिया विधानसभा चुनाव के प्रभारी एवं राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, रणनीति और सतत मार्गदर्शन से कांग्रेस को महत्वपूर्ण जीत मिली है। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए भविष्य में भी संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यालय परिसर कांग्रेस के समर्थन में लगाए गए नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आविद हुसैन लोदी,पूर्व नपा अध्यक्ष मो अली,प्रदीप सदानी,समीर मेव,निजाम कुरैशी,शोएब हसन राही सहित कई वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जीत की खुशी मनाते हुए प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनता के विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प भी व्यक्त किया।

दतिया से मप्र में परिवर्तन का आगाज हुआः बापूसिंह तंवर



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़ प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर हुए उप-चुनाव में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। इस एतिहासिक जीत से उत्साहित कांग्रेसियों में उत्साह का माहौल है। इस खुशी में मुख्यालय सहित जिले भर में कईं स्थानों पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटते हुए एक-दूसरे को जीत की बधाइयां दी। जीत से उत्साहित इंकाईयों ने मुख्यालय के बिरसा मुंडा चैराहे पर जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी ने अपने-अपने उद्धबोधनों में कहा यह जनता की आवाज है जो खुलकर सामने आई है। दतिया से मप्र में परिवर्तन की शुरूआत हुई है। मां पीताम्बरा के आर्शिवाद से धर्म की जीत हुई है एवं भारतीय जनता पार्टी के अंहकार की हार हुई है। आज पूरे देश में भाजपा की सरकार के चलते वे हर राज्य में मनमर्जी से शासन चला रहे हैं। किसान परेशान है, जनता परेशान है, युवा परेशान है या यूं कहें कि हर वर्ग भाजपा के नेताओं की मनमानी और भ्रष्टाचार के आगे त्रस्त हो चुका है। जनता ने सही निर्णय लेकर कांग्रेस पार्टी को जिताया है।

पूरे प्रदेश में सरकार बनाएगी कांग्रेसः पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता तय कर चुकी है की अब परिवर्तन करना ही होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में यह परिवर्तन स्पष्टतः नजर आ जाएगा और पूरे सूबे में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर प्रेमसिंहजी, विजयपाल भाटी, पार्षद कमाल खान, लोकेश बबलु दुबे, श्याम दुबे बिट्टा सहित कईं इंकाजन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

सावन माह में जगह-जगह हो रहे हवन पूजन



जावर। श्रावण के प्रथम सोमवार को मां अन्नपूर्णा मंदिर मंडी प्रांगण जावर में भव्य पार्थिव शिवलिंग रुद्र अभिषेक पूजन हुआ सम्पन्न यह पूजन कथा वाचक पंडित किशन शास्त्री जावर द्वारा वेद मंत्रों के साथ करवाई गई सम्पन्न श्रावण मास में जो भी व्यक्ति मृतिका मिट्टी के पार्थिवेशवर महादेव बना करके पूजन करता हे इससे सारे ग्रह दोष का निवारण होता है पितृ दोष शांत होता है और महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है यह आयोजन प्रत्येक श्रावण सोमवार को मां अन्नपूर्णा मंदिर मंडी प्रांगण जावर में सम्पन्न होगा।

कल आएगा या काल हमें पता नहीं हैः साध्वी

जावर। महिदपुर रोड किसी भी कार्य को कल के लिए नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि आने वाला कल आएगा या काल आएगा हमें पता नहीं है क्योंकि हमें अपने जन्म का इनकमिंग तो पता है लेकिन कब अपना इस दुनिया से आउटगोइंग हो जाएगा हमें पता नहीं है प्रभु महावीर ने गौतम स्वामी से कहा कि है गौतम तू क्षण मात्र का भी प्रमाद मत कर क्योंकि कल का कोई ठिकाना नहीं है।पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज साहब ने धर्म सभा में जिनवाणी का रसपान कराया।

नवीन विसर्जन कुंड, सीसी रोड़ व पाथवे निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

धार्मिक आस्थाओं का सम्मान, पर्यावरण की रक्षा, हमारी प्राथमिकताएंः मेवाड़ा

पिछले कई वर्षों से गणेश प्रतिमाओं, माँ दुर्गा की मूर्तियों एवं ताजियों का विसर्जन इसी कच्चे कुंड में किया जाता रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के प्राकृतिक नदी-तालाबों और पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने तथा श्रद्धालुओं की जनभावनाओं और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वर्ष 2010 में शासन द्वारा प्राकृतिक जल निकायों को सुरक्षित रखने हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना की गई थी, जिसके नियमों को वर्ष 2020 में और अधिक कड़ा किया गया। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के निर्देशों के पालन में निकाय स्तर पर नदी से सटाकर एक अस्थाई कच्चा विसर्जन कुंड बनाया गया था। पिछले कई वर्षों से गणेश प्रतिमाओं, माँ दुर्गा की मूर्तियों एवं ताजियों का विसर्जन इसी कच्चे कुंड में किया जाता रहा। हालांकि कुंड के कच्चे होने, समतल व समुचित पहुंच मार्ग न होने के कारण नागरिकों और श्रद्धालुओं को विसर्जन के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिससे अक्सर अनावश्यक भीड़ व अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो जाती थी। इन सभी व्यावहारिक समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने परिषद के सहयोग से इस कच्चे विसर्जन कुंड को सर्वसुविधायुक्त एवं पक्का बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जिसे परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। आज इसी पक्के विसर्जन कुंड निर्माण कार्य का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद राजकुमार मालवीय, कमलेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारी धार्मिक आस्थाओं का सम्मान और पर्यावरण की रक्षा, दोनों हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। लंबे समय से हमारे नगरवासी और श्रद्धालु कच्चे विसर्जन कुंड के कारण काफी असुविधा झेल रहे थे। कीचड़, जर्जर रास्ते और विसर्जन के समय होने वाली अव्यवस्था से नागरिकों को मुक्ति दिलाना हमारा नैतिक कर्तव्य था। हमारी परिषद ने संकल्प लिया था कि हम इस स्थल को पक्का, व्यवस्थित और सुरक्षित बनाएंगे। आज भूमिपूजन के साथ यह संकल्प साकार होने जा रहा है। पक्का विसर्जन कुंड बनने से न केवल मां दुर्गा, भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं और ताजियों का विसर्जन पूरी श्रद्धा व सुगमता से हो सकेगा, बल्कि हमारी पवित्र नदी और प्राकृतिक जल स्रोत भी प्रदूषण से पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। हम आष्टा के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं के लिए निरंतर समर्पित हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त विसर्जन कुंड की लंबाई 21 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर, गहराई 6.50 मीटर की रहेगी। विसर्जन कुंड तक जाने के लिए व्यवस्थित 120 मीटर लंबा सीसी रोड़ का निर्माण

नगर में निकली बाबा महाकाल की पालकी

गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ 0000

पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आष्टा नगर में भगवान भोलेनाथ की भव्य एवं दिव्य बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। संध्या समय नगर के प्राचीन शंकर मंदिर, पार्वती नदी तट पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं भगवान महाकाल की आरती के पश्चात बाबा भोलेनाथ पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। आरती के दौरान मंदिर परिसर सहित आसपास का वातावरण भक्तिमय हो उठा। बुधवारा स्थित पुराने सिद्धार्थ हॉस्पिटल चौराहे पर कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष एवं सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने पालकी में विराजमान बाबा महाकाल का विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती कर श्रीफल भेंट किया। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को निकली बाबा महाकाल की पालकी शोभायात्रा ने पूरे आष्टा नगर को शिवमय कर दिया। शोभायात्रा का समापन बड़ा बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर पर हुआ, जहां भगवान गणेश एवं बाबा महाकाल की आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सकल हिंदू समाज संयोजक मुकेश नामदेव, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष उमेश शर्मा, शेष नारायण मुकाती, सकल हिंदू समाज संरक्षक प्रेमनारायण शर्मा, मनोज कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, दलकिशोर कुशवाहा, प्रेम नारायण जायसवाल, अचल किरार, मोंटू कौरी, गोपाल पांचाल, प्रतीक माहडिक आदि उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर की जिला प्रधानाचार्य बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्राम शिक्षण समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर भंवरा में जिला प्रधानाचार्य बैठक का सफल आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में प्रांतीय समिति के सचिव एवं जिला व विभाग प्रभारी गोविंद कारपेंटर एवं जिला सचिव पुरुषोत्तम मंडलोई के साथ जिला प्रमुख चंद्रप्रकाश दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में जिले के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्यों ने सहभागिता करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना अनुमानित बजट विद्यालयों की गुणवत्ता वृद्धि छात्र संख्या वृद्धि, परीक्षा, पूर्व छात्र पंजीयन सहित विद्यार्थी हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में उपस्थित प्रांतीय समिति सचिव गोविंद कारपेंटर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने, शिक्षा के साथ संस्कारों का समन्वय करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने का मार्गदर्शन प्रदान किया। शिक्षा, संस्कार और संगठन की भावना से ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य निर्मित होता है। सभी अतिथिगण एवं बैठक में उपस्थित प्राचार्य प्रधानाचार्य बंधुओं ने सहभोज किया बैठक में जिला एवं प्रांत में सबसे ज्यादा प्रवेश करने वाले नवीन विद्यालय छीपानेर को उनके 91 प्रवेश पर सम्मानित किया गया एवम् अन्त 6 विद्यालय जिन्होंने जिला सीहोर में सबसे ज्यादा प्रवेश लिये उनको भी सम्मानित किया गया अंत में शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया ऊक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।

दतिया उप चुनाव की ऐतिहासिक जीत पर जावर ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया जश्न



जावर। मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक विजय पर जावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौक पर भव्य जश्न मनाया गया। वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, मिठाई बांटकर एवं एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र भरेवा, गोपाल कृष्ण अजमेरा, मनोज कुमार जैन, किसान कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि पटेल, चेतन दरबार, रूप सिंह ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, मयंक चौरसिया ,धीरज सिंह पहलवान, आबिद हुसैन, मयंक चौरसिया, करण भरेवा, हरपाल ठाकुर,योगेंद्र सिंह ठाकुर, लाखन सिंह ठाकुर, पार्षद बहादुर परिहार, आबिदहुसैन, पवन ठाकुर, जगदीश प्रजापति, गोलू श्रीवास्तव, वीरेंद्र ठाकुर, सचिन बजाज, जोगेंद्र भाटी, कन्नू जमीदार, शिव मालवीय, रोहण राठौर, पवन अजमेरा, योगेंद्र ठाकुर, सलीम कुरैशी, रामप्रसाद सरपंच ,मकसूद बाबा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान के तहत नप में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर परिषद जावर द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हरीश कुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर कुमेर सिंह ठाकुर, प्रदीप वैद्य, मुजफ्फार खान , बलराम मालवीय, एनयूएलएम नोडल वंदना परते, रवीना सहित नगर परिषद एवं के समस्त स्टाफ ने पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। सीएमओ श्री सोनी ने कहा कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधारोपण कर जावर को हरित एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

नगर परिषद में एल्डरमैन का किया स्वागत

वीआईटी कैम्पस में किया पौधरोपण





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शासन द्वारा कार्यालय नगर परिषद कोठरीमें साफा बांधकर माला पहनाकर उत्साह से भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष राधेश्याम दलपति जी उपाध्यक्ष युवराज सिंह जी चंद्रवंशी द्वारा स्वागत कर नगर विकास में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर पार्षद मदन लाल वर्मा, देवकरण बकोरिया, दिनेश चौधरी, विजय सिंह, धर्मेंद मालवीय, नगर परिषद कोठरी सीएमओ राहुल शर्मा, उपयंत्री निखिल कचनेरिया ने नवनियुक्त एल्डरमैन अरविंद सिंह, देवकरण दुबे देवकरण मालवीय, राम सभा, जयराम वर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर संबल योजना के हितग्रहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि वितरित की। संचालन दिनेश वर्मा एवं आभार आनंद कटारिया द्वारा किया गया।

किया पौधरोपण

अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत मंगलवार को 3 हतार पौधे विशेष तकनीक के माध्यम से रोपित किए। जिसमें नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष राधेश्याम दलपति व समस्त पार्षद नगर परिषद कोठरी सीएमओ, राहुल शर्मा, उपयंत्री निखिल कचनेरिया व विआईटी अधिकारी कर्मचारियों ने विशेष तकनीक से पौधे लगाए विआईटी के छात्र छात्राओं द्वारा पौधे लगाने में व उनकी देख रेख करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कर्मचारी जयप्रकाश फैरेला, आनंद कटारिया, अजय छाया, पिंटू चंद्रवंशी, निहालचंद वर्मा, मनोज वर्मा, अखलेश वर्मा विष्णु ओर वीआई.टी स्टाफ सहयोगी उत्सुकता पूर्वक पौधरोपण कार्य शासन के आदेश अनुसार किया

